आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 31.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- वित्त वर्ष 2024–25 की अंतिम तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद– जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत वृद्धि का अनुमान।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में चौथी कैडेट एंड जूनियर नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया।
- भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने हरिद्वार में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बागेश्वर जिले में नुक्कड़ नाटक के जरिए तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

<u>सकल घरेलू उत्पाद</u>

वित्त वर्ष 2024–25 में देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद – जीडीपी में छह दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024–25 की अंतिम तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में सात दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया गया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान निर्माण क्षेत्र नौ दशमलव चार प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था का प्रमुख चालक था।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग और विनिर्माण गतिविधि की सराहना करते हुए कहा कि भारत, विकास को बनाए रख रहा है और यह लगातार चार वर्षों से सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024–25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि साढ़े 6 प्रतिशत होगी।

<u>खेल मंत्री</u>

खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून के परेड मैदान स्थित मल्टीपरपज हॉल में चौथी कैडेट एंड जूनियर नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 35 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के बाद से प्रदेश में खेल संरचना का तेजी से विस्तार हुआ है। उत्तराखंड में अब तक एक हजार तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक की खेल व्यवस्था विकसित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न शहरों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम मौजूद हैं, जिससे उत्तराखंड खेल आयोजन के लिए तेजी से प्रमुख केंद्र बन रहा है।

श्रीमती आर्या ने यह भी बताया कि विभाग, आने वाले महीनों में देश की बड़ी खेल प्रतियोगिताओं को उत्तराखंड में आयोजित कराने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। पिछले एक साल में प्रदेश में खेल संस्कृति में तेजी से वृद्धि हुई है और युवा खेल को अब करियर के रूप में देखने लगे हैं।

मुख्यमंत्री ब्यान अंकिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंकिता के साथ हुए अमानवीय कृत्य पर न्यायालय का फैसला, न्याय व्यवस्था में आमजन के विश्वास को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के बाद एक संदेश स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कानून का राज स्थापित है और बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

गौरतलब है कि कल कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

मंदिर संरक्षण

पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिले के पौराणिक मंदिरों के संरक्षण व विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि अपने–अपने क्षेत्रों में स्थित पौराणिक मंदिरों को चिन्हित कर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मंदिरों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने पैठाणी स्थित राहु मंदिर के लिए जाने वाले मार्ग के सुधारीकरण, हेलीपैड के लिए भूमि चिन्हीकरण और बूढ़ा भरसार में धर्मशाला निर्माण की संभावनाओं पर शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही मंदिर परिसरों में पेयजल, विद्युत, शौचालय और रास्तों के निर्माण की भी रिपोर्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरानी शैली में स्थापित मंदिरों का सर्वे करते हुये फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट तैयार करें, ताकि कार्यों की योजना को धरातल पर उतारा जा सके। जिलाधिकारी ने बदरीनाथ–केदारनाथ पैदल मार्ग स्थित व्यासघाट क्षेत्र के पौराणिक स्थलों को चिन्हित कर वहां शिलापट्ट लगाए जाने और उनकी ऐतिहासिक जानकारी साझा करने के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

न्यायाधीश शपथ

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नवनियुक्त अतिरिक्त न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय को मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति उपाध्याय के शपथ ग्रहण के बाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या 10 हो गई है।

निर्वाचन आयोग आयुक्त

भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने हरिद्वार में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने को कहा। उन्होंने मतदाता की मृत्यु होने या दूसरे स्थान पर निवास करने की स्थिति में उसका नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए त्वरित एआरओ को सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। श्री जोशी ने कहा कि किसी भी मतदाता का दो स्थानों में नाम नहीं होना चाहिए। उन्होंने 18 से 19 आयु पूरी करने वाले युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक युवा मतदाता अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने जिले में निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बागेश्वर जिले में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चौक बाजार में किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के ज़रिए कलाकारों ने जीवंत अभिनय के माध्यम से संदेश दिया कि तंबाकू की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि, तंबाकू न सिर्फ स्वास्थ्य का दुश्मन है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक जीवन को भी बर्बाद करता है।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस, देहरादून की ओर से विकासनगर ब्लॉक के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, बारोटीवाला में मानक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों, मानकीकरण, आईएसआई चिह्नित उत्पादों और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को उत्पादों की गुणवत्ता और मानकों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की, कि वे अपने बच्चों को स्टैंडर्ड क्लब का हिस्सा बनाएं, ताकि एक जागरूक, सशक्त और गुणवत्ता–संवेदनशील समाज का निर्माण हो सके। बीआईएस देहरादून के निदेशक सौरभ तिवारी ने मानक चौपाल की भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि यह पहल ग्रामीण समुदाय को गुणवत्ता और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने में एक सशक्त माध्यम है।

योग पार्क

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के तहत हरिद्वार के पौराणिक सतीकुंड में विशिष्ट आयोजन के माध्यम से "योग पार्क" की स्थापना की गई। स्वच्छता से आरंभ, योग साधना से आत्मशुद्धि और पौधरोपड़ से प्रकृति के प्रति कर्तव्यबोध का संकल्प लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास के बाद पौधरोपण कर प्रकृति के प्रति समर्पण को भी दर्शाया गया। इस आयोजन में 140 लोगों ने भाग लिया और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. स्वास्तिक सुरेश और डॉ. नवीन दास ने कहा कि योग शरीर, मन और समाज के समुचित संतुलन का साधन है। राष्ट्रीय आयुष मिशन हरिद्वार के नोडल अधिकारी डॉ. अवनीश उपाध्याय ने योग पार्क के उद्देश्यों, इसकी वैज्ञानिकता और सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है।